दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, शनिवार 27 जुलाई 2024

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट ने दी बड़ी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर में घर खरीदने वालों को बड़ी राहत दी है। फ्लैट का कब्जा नहीं पाने वालों को ईएमआई पेमेंट को लेकर बैंकों, वित्तीय संस्थानों या बिल्डरों द्वारा कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। न ही उनके खिलाफ चेक बाउंस का मामला चलेगा।

सबसे बड़ी अदालत दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें खरीदारों की याचिकाओं को अन्य कानूनी विकल्पों की मदद लेने की बात कह कर खारिज कर दिया गया था।

शीर्ष अदालत ने केंद्र, बैंकों समेत अन्य को नोटिस भी जारी किया। पीठ ने सभी मामलों पर अंतरिम रोक लगाई जिसके तहत बैंकों/वित्तीय संस्थानों या बिल्डर/डेवलपर की ओर से मकान खरीदारों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की जाएगी।

पहले भी अदालत ने खरीदारों के पक्ष में सख्त फैसले दिए हैं। जब संसद में कानून पास होने के बाद कुछ रिअल एस्टेट कंपनियों ने इस संशोधन को अदालत में चुनौती दी थी।

दिवालिया कानून यानी इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी में बदलाव कर खरीदार को डिफॉल्टर, डवलपर को उसकी रकम वापस देने संबंधी संशोधन किया गया था।

खरीदारों का कहना है कि बैंक की तरफ से ऋण सीधा बिल्डर के खाते में जाता है। जो रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। देश में जिस तेजी से विकास हो रहा है। डेवलपर और बिल्डर सरकारी महकमें से मिली-भगत कर ऊंची-ऊंची इमारतें बना रहे हैं। मध्यम वर्ग को सपने दिखा कर मोटी रकम वसूली होती है। पूरा पैसे चुकाने के बावजूद हजारों लोग तय वक्त पर घर न मिलने से परेशान होकर बिल्डरों के दफ्तरों के चक्कर लगाते नजर आते हैं।

विभिन्न कानूनी विकल्प होने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं होती। हालांकि यह फैसला खासकर एनसीआर के मकान खरीदारों के लिए है जबकि यह देश भर के नागरिकों के हित में लागू होना चाहिए।

जनता की गाढ़ी कमाई के प्रति बैंकों- वित्तीय संस्थानों, बिल्डरों/डेवलपरों को खुली छूट देने के प्रति सबसे पहले सरकार ही जिम्मेदार है। यह फैसला उन खरीदारों को राहत देने वाला तो है ही, जो अपने घर का सपना दिखा कर खरीदारों को उचित जवाब तक नहीं देते वहीं लोन देकर कर्जदारों को जंजाल में फंसाने वालों को भी सबक लेना होगा।

# केंद्र सरकार नेशनल हाइवे के किनारे लगाएगी 5,833 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन

**नई दिल्ली**



भारत में नेशनल हाइवे के किनारे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन की संख्या बढ़कर 5,293 हो गई है। वहीं, सरकार ने अब 7,432 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने का टारगेट रखा है, जिसमें से 5,833 हाइवे के किनारे लगाए जाएंगे। सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से बुधवार को यह जानकारी दी गई।

केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि 7,432 चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए तीनों सरकारी तेल वितरण कंपनियों को 800 करोड़ रुपये की पूंजीगत सहायता दी जाएगी।

मौजूदा 5,293 ईवी चार्जिंग स्टेशन में से 4,729 पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत सेटअप किए गए हैं, जिसमें करीब 178 करोड़ रुपये का खर्च आया है।

गडकरी ने अपने बयान में कहा कि भारी उद्योग मंत्रालय ने 7,432 ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 5,833 ईवी चार्जिंग स्टेशन हाईवे के किनारे लगाए जाएंगे। ये चार्जिंग स्टेशन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत आने वाली तीनों तेल वितरण कंपनियों के जरिए लगाए जाएंगे।

साथ ही उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल सरकार ने ईवी चार्जिंग स्टेशन को ऊर्जा देने के लिए कोई भी पावर स्टेशन बनाने का कोई प्लान नहीं बनाया है।

महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 750 ईवी चार्जिंग स्टेशन है। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 577, राजस्थान में 482, तमिलनाडु में 369, कर्नाटक में 300 और हरियाणा में 284 ईवी चार्जिंग स्टेशन हैं।

ग्रीन मोबिलिटी और इलेक्ट्रिक वाहनों की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने वाली इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम (ईएमपीएस) 2024 की आखिरी तारीख 31 जुलाई तय की गई है।

500 करोड़ रुपये के आकार वाली इस स्कीम को 1 अप्रैल से लेकर 31 जुलाई के लिए लागू किया गया है। इस स्कीम के लिए 493.55 करोड़ रुपये के इंसेंटिव दिए जाएंगे। इससे 3,72,215 इलेक्ट्रिक वाहनों की घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग को सहारा मिलेगा।

इस स्कीम में इंसेंटिव का लाभ पहले आओ पहले पाओ के आधार पर मिलेगा।

वित्त वर्ष 25 में दोपहिया वाहन इंडस्ट्री 7 से 9 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है।

केयरएज रेटिंग्स के अनुसार, सरकार की ईएमपीएस स्कीम के कारण इलेक्ट्रिक व्हीकल सेल्स में वृद्धि चालू वित्त वर्ष में जारी रहेगी।

# ओपनएआई ने दी गूगल सर्च को टक्कर, एआई-संचालित सर्चजीपीटी को किया लॉन्च




**सैन फ्रांसिस्को**

चैटजीपीटी निर्माता ओपनएआई ने सर्चजीपीटी लांच किया है, जो एक एआई संचालित सर्च इंजन है, यह वेब पर रियल टाइम पर सूचना तक एक्सेस प्रदान करता है।

सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित कंपनी ने कहा कि वह सर्चजीपीटी का टेस्टिंग कर रही हैं, जो नए एआई सर्च फीचर्स का एक टेंपरेरी प्रोटोटाइप है, यह आपको तेज और समय पर जवाब देता है।

ओपनएआई ने कहा कि वह सबसे पहले फीडबैक प्राप्त करने के लिए यूजर्स और पब्लिशर्स के एक छोटे ग्रुप के साथ सर्च इंजन लॉन्च कर रहा है।

कंपनी ने कहा, हालांकि यह प्रोटोटाइप टेंपरेरी है, लेकिन हम भविष्य में इनमें से बेस्ट फीचर्स को सीधे चैटजीपीटी में एकीकृत करने की योजना बना रहे हैं।

यूजर्स को सर्च में पब्लिशर्स को लिंक कर उनसे जुडऩे में मदद करने के लिए सर्चजीपीटी को डिजाइन किया गया है।

आप फॉलो-अप सवाल पूछ सकेंगे, जैसे आप किसी व्यक्ति से बातचीत में करते हैं।

ओपनएआई ने कहा, रिस्पांस में क्लीयर, इन-लाइन, नेम और लिंक होते हैं, ताकि यूजर्स को पता चले कि जानकारी कहां से आ रही है और वे सोर्स लिंक वाले साइडबार में और भी ज्यादा रिजल्ट्स के साथ जल्दी से जुड़ सकते हैं।

कंपनी ने कहा कि वह लोकल जानकारी और कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में सुधार करती रहेगी।

# श्रीलंका के खिलाफ खूब चलता है सूर्यकुमार यादव का बल्ला

**नईदिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच खेली जानी वाली 3 मैचों की टी20 सीरीज का 27 जुलाई से आगाज हो रहा है. इस सीरीज के साथ टीम इंडिया एक नए कप्तान और नए हेड कोच के साथ नए युग की शुरुआत करेगी. इस सीरीज में टीम इंडिया की कमान सूर्यकुमार यादव संभालेंगे. जबकि हेड कोच गौतम गंभीर की ये पहली असाइनमेंट है. अब श्रीलंका टीम इंडिया के नए कप्तान सूर्यकुमार यादव से डरी हुई है. उन्होंने इस टीम के खिलाफ भले ही अब तक 5 टी20 मैच खेले हैं, लेकिन रोहित शर्मा के महारिकॉर्ड के बेहद करीब आ चुके हैं. पिछले साल 2023 में टीम इंडिया के श्रीलंका दौरे पर सूर्यकुमार यादव भारत की तरफ से टी20 में दूसरा सबसे तेज शतक जड़ दिया था. सूर्या ने सिर्फ 45 गेंद में शतक पूरा किया था. उन्होंने 51 गेंद में 112 रनों की नाबाद खेली थी. इस पारी के दौरान उन्होंने 7 चौके और 9 छक्के जड़े थे. सूर्यकुमार यादव श्रीलंका के खिलाफ 63.50 की औसत से बल्लेबाजी की है.

# अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 73 प्रतिशत बढ़ा, राजस्व में भी 43 फीसदी की वृद्धि

**अहमदाबाद**

अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने अप्रैल-जून तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी किये। साल-दर-साल आधार पर कंपनी का परिचालन राजस्व 47 प्रतिशत बढ़कर 5,379 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वहीं, कर भुगतान के बाद का लाभ 315 करोड़ रुपये रहा जो 73 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि दर्शाता है।

अदाणी समूह की कंपनी ने बताया कि उसका ऑपरेशनल ईबीटीडीए 1,628 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही की तुलना में 29.7 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी ने बताया कि दहानू पावर प्लांट को अलग करने के कारण 1,506 करोड़ रुपये का एक्सेप्शनल आइटम दिखाया गया है जिसका प्रभाव शुद्ध लाभ पर दिख रहा है।

कंपनी 2050 तक नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने के लिए दहानू पावर प्लांट को अलग कर रही है।

इससे कंपनी उन निवेशकों को आकर्षित कर सकेगी जो निवेश से पहले कंपनी के ईएसजी (इनवायरनमेंटल, सोशल एंड गवर्नेंस) पर ध्यान देते हैं। अब तक ऐसे निवेशक एईएसएल के पोर्टफोलियो में दहानू पावर प्लांट के शामिल होने के कारण कतराते थे।

अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक अनिल सरदाना ने कहा, एईएमएल और एमयूएल के अपने वितरण क्षेत्रों में बिजली की मांग में तेज बढ़ोतरी के साथ एईएसएल की नई लाइनों की कमीशनिंग पर लगातार फोकस कर रहा है। मुंबई में नवीकरणीय ऊर्जा की पहुंच 37 प्रतिशत हो चुकी है।

सरदाना ने कहा, नवीकरणीय ऊर्जा की तरफ बढऩे के लिए महत्वपूर्ण ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में योगदान देकर (उदाहरण के लिए खावड़ा) तथा मौजूदा ग्रिडों को और शक्ति प्रदान करने के साथ अपने स्मार्ट मीटरिंग कार्यक्रम के जरिये देश में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देकर हम गर्व महसूस कर रहे हैं।

# महिला एशिया कप: एक दिन में दो बड़े मुकाबले, 8वें खिताब पर भारत की नजर

**दांबुला**



श्रीलंका के दांबुला में चल रही महिला क्रिकेट एशिया कप 2024 में शुक्रवार को टूर्नामेंट की दो फाइनलिस्ट टीमों का फैसला होगा। भारतीय टीम का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है। भारत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई और अब अपने 8वें खिताब से मात्र दो कदम दूर है।

टूर्नामेंट के इस संस्करण का पहला सेमीफाइनल भारत और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। यह मैच शुक्रवार को दांबुला में दोपहर दो बजे से शुरू होगा। जबकि दूसरा सेमीफाइनल पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच शाम 7 बजे खेला जाएगा।

महिला एशिया कप में भारतीय टीम का प्रदर्शन अद्भुत रहा है। अब तक के खेले गए कुल आठ संस्करणों में भारत सात बार चैंपियन बना है। वहीं बांग्लादेश ने एक बार एशिया कप जीता है। हालांकि, मौजूदा टूर्नामेंट में भारतीय टीम बांग्लादेश के मुकाबले काफी मजबूत नजर आ रही है। लेकिन महिला एशिया कप में भारत और बांग्लादेश के बीच कुल 4 मैच खेल गए हैं और मामला बराबरी का रहा है। साल 2018 के फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश ने भारत को हराकर खिताब जीता था। यानी बांग्लादेश को कमजोर समझने की गलती भारतीय टीम नहीं करेगी।

दूसरा सेमीफाइनल पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर का होगा। मौजूदा टूर्नामेंट में श्रीलंका भी शानदार फॉर्म में है, जबकि पाकिस्तान की टीम में कई दिग्गज खिलाड़ी शामिल है। ऐसे में अगर सेमीफाइनल में भारत ने बांग्लादेश और पाकिस्तान ने श्रीलंका को हरा दिया तो भारत और पाकिस्तान के बीच महिला एशिया कप का फाइनल हो सकता है। मगर मेजबान टीम पाकिस्तान के मुकाबले मजबूत नजर आ रही है। कुल मिलाकर दोनों ही सेमीफाइनल मैच काफी रोमांचक होने वाले हैं।

भारत महिला एशिया कप का प्रबल दावेदार है। हालांकि भारत की तरह ही श्रीलंका भी इस टूर्नामेंट में अब तक अपराजित रहा है।

भारत बनाम श्रीलंका

# नए कोच और कप्तान के नेतृत्व में टीम इंडिया का पहला असाइनमेंट

**नई दिल्ली**



भारत और श्रीलंका के बीच 27 जुलाई से टी20 सीरीज का आगाज होने जा रहा है। नए कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ टीम इंडिया का ये पहला असाइनमेंट होगा। टीम चयन और गंभीर की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद क्रिकेट फैंस भारत बनाम श्रीलंका मुकाबले को देखने के लिए बेताब हैं।

सूर्यकुमार यादव श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में टीम की अगुवाई करेंगे, जो शनिवार को पल्लेकेले में शुरू होगी। नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए यह उनके कार्यकाल की शुरुआत होगी।

रोहित शर्मा, जो अब टी20 से संन्यास ले चुके हैं। टी20 के बाद होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में टीम की अगुवाई करेंगे। रोहित और विराट कोहली दोनों ही पिछले साल अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल में मिली हार के बाद अपना पहला वनडे खेलेंगे। श्रीलंका में भी सबसे छोटे प्रारूप में बदलाव देखने को मिलेगा, जिसमें वनिन्दु हसरंगा की जगह चरिथ असालंका को कप्तान बनाया जाएगा जबकि क्रिस सिल्वरवुड की जगह सनत जयसूर्या को अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया है। वनडे सीरीज 2 अगस्त से शुरू होगी और कोलंबो में खेली जाएगी।

श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के साथ सूर्यकुमार यादव फुल टाइम टी20 कप्तान की जिम्मेदारी संभाल रहे है। इस फॉर्मेट में सूर्या सिर्फ भारत ही नहीं दुनिया के सबसे तूफानी बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि वो कप्तानी के बाद अपने खेल में क्या बदलाव करते हैं। दूसरी तरफ गौतम गंभीर के लिए यह एक अच्छी शुरुआत करने का मौका है।

## आज का राशिफल

*मेष-* आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको सकारात्मक माहौल में काम करने का मौका मिलेगा। कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप कोई नया काम शुरू करेंगे।

*वृष-* आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज कोई खुशखबरी मिलेगी। नौकरी में प्रमोशन की प्रतीक्षा आज समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे।

*मिथुन-* आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं, आपकी सैलरी बढ़ सकती है।

*कर्क-* आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे।

*सिंह-* आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आप अपने निजी जीवन में चली आ रही उलझनों को खत्म करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्य क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी।

*कन्या-* आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आज आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है।

*तुला-* आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

*वृश्चिक-* आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी कुछ नये लोगों से मुलाकात होगी। आज आपके प्रयासों से आपको सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी।

*धनु-* आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे। इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा।

*मकर-* आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे।

*कुंभ-* आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे। लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी।

*मीन-* आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं। आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तो में आपसी प्रेम बढ़ेगा। किसी पुराने मामले को लेकर न्यायालय का फैसला आपके पक्ष में आएगा।

# अक्षय कुमार स्टारर खेल खेल में का मोशन पोस्टर आया सामने, स्त्री 2 और वेदा के साथ होगा बड़े पर्दे पर क्लैश



इस साल स्वतंत्रता दिवस पर सिनेमाघरों में खूब हुड़दंग मचने वाला है। एक साथ तीन अलग-अलग जॉनर की फिल्में रिलीज हो रही हैं। हॉरर कॉमेडी स्त्री 2 और एक्शन थ्रिलर वेदा के साथ बड़े पर्दे पर अपनी पलटन के साथ अक्षय कुमार भी उतरने के लिए एकदम तैयार हैं और वो भी एक अलग अवतार में।

2024 में अक्षय कुमार की दो फिल्में रिलीज हुईं। अप्रैल में अभिनेता ने बड़े मियां छोटे मियां में अपना इंटेंस एक्शन दिखाया, फिर जुलाई में बायोपिक सरफिरा बनकर उन्होंने दिखाया कि जिद के साथ सफलता कैसे मिलती है। बायोपिक और एक्शन थ्रिलर के बाद अब अक्षय कुमार दर्शकों के पेट में गुदगुदी करने आ रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म खेल खेल में अगस्त महीने में दस्तक दे रही है।

कुछ महीने पहले ही अक्षय कुमार ने अपनी आगामी फिल्म खेल खेल में की अनाउंसमेंट कर दी थी। अब फिल्म का पहला ऑफिशियल मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की सभी कास्ट के साथ एक दमदार पोस्टर जारी हुआ है, जिसमें अक्षय एक अलग अवतार में नजर आ रहे हैं।

# रक्षित अटलूरी की फिल्म ऑपरेशन रावण की दमदार पोस्टर के साथ रिलीज डेट की घोषणा



आगामी फिल्म ऑपरेशन रावण में रक्षित अतलुरी और राधिका सरथ कुमार मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण ध्यान अतलुरी ने नए जमाने की सस्पेंस थ्रिलर के रूप में किया है और इसका निर्देशन वेंकट सत्या ने किया है। संगीर्थना विपिन नायिका की भूमिका निभा रही हैं।

यह फिल्म एक द्विभाषी साइको थ्रिलर है। निर्माताओं ने आज घोषणा की है कि फिल्म ऑपरेशन रावण, जिसने अपने सभी कार्यक्रम पूरे कर लिए हैं, 2 अगस्त को तेलुगु और तमिल में दुनिया भर में भव्य रूप से रिलीज़ होगी।

ऑपरेशन रावण की रिलीज डेट की घोषणा के दौरान जारी किए गए पोस्टर का शीर्षक था ए साइको स्टोरी। हीरो रक्षित अतलुरी के साथ एक्शन सीक्वेंस वाला यह पोस्टर दिलचस्पी जगा रहा है। राधिका सरथ कुमार, चरण राज और तमिल अभिनेता विद्या सागर फिल्म ऑपरेशन रावण में अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभा रहे हैं।

# कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर छुआ 1100 करोड़ का आंकड़ा, फिल्म के नाम हुए ये रिकॉर्ड्स



साउथ सुपरस्टार प्रभास स्टारर कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर चार हफ्तों में 1100 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है. फिल्म ने 28वें दिन 1100 करोड़ रुपये के आंकड़े को छुआ है. इसी के साथ कल्कि 2898 एडी वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर इंडियन सिनेमा की छठी सबसे ज्यादा और साउथ सिनेमा की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. कल्कि 2898 एडी शाहरुख खान की पठान का घरेलू और वर्ल्डवाइड कमाी का रिकॉर्ड पहले ही तोड़ चुकी है और अब इसकी नजर जवान के घरेलू और वर्ल्डवाइड कमाई के रिकॉर्ड पर है. वहीं, कल्कि 2898 एडी अपने पांचवें हफ्ते में एंटर कर चुकी है और अभी भी करोड़ों की फिगर में कमाई कर रही हैं. बता दें, कल्कि 2898 एडी बीती 27 जून को वर्ल्डवाइड रिलीज हुई थी.

कल्कि 2898 एडी के मेकर्स ने आज 25 जून को फिल्म की चार हफ्तों की कमाई का ब्योरा दिया है. फिल्म कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर पूरे 1100 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. सैकनिल्क के अनुसार कल्कि ने 28वें दिन 1.60 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. इसी के साथ उनकी घरेलू कलेक्शन 622.10 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड 1100 करोड़ रुपये हो चुका है. वहीं, कल्कि 2898 एडी अब जवान के घरेलू कलेक्शन 640 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1148 करोड़ रुपये को बीट करने के नजदीक है.


वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 1100 करोड़ रुपये की कमाई कर कल्कि 2898 एडी इंडियन सिनेमा की छठी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है.

बाहुबली 2 (1810.59 करोड़ रुपये) के बाद कल्कि 2898 एडी प्रभास की दूसरी फिल्म बनी है, जिसने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है.

## शब्द सामर्थ्य- 130

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 129 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## सू-दोकू- 130

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.129 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |